**सौंपा ज्ञापन** | एसआईआर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का दावा

# मतदाता सूची से नाम काटने की साजिश का आरोप

▶ अल्पसंख्यक मतदाताओं को निशाना बनाने का आरोप



**शहडोल।** कांग्रेस पार्टी ने आज एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और सत्ता पक्ष द्वारा मतदाता सूची से नाम कटवाने की कथित साजिश के विरोध में जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने इसे लोकतंत्र को कमजोर करने की सुनियोजित कोशिश करार दिया है।

जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत सत्ता पक्ष से जुड़े लोग खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि कुछ खास वर्गों, विशेषकर अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के उद्देश्य से मनमानी सूचियाँ तैयार कर बड़े पैमाने पर नाम कटवाए जा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के नियमों के अनुसार फॉर्म-7 के माध्यम से एक दिन में एक बूथ पर अधिकतम 10 आवेदन ही स्वीकार किए जा सकते हैं, लेकिन इसके विपरीत सूची के आधार पर सामूहिक रूप से नाम हटाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, जो पूरी तरह असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक और नियम विरुद्ध है।

**इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा**-मतदाता सूची से नाम हटाने की यह कार्रवाई सत्ता के संरक्षण में की जा रही है। यह न केवल चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास है, बल्कि लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा प्रहार भी है। यदि मतदाताओं के अधिकार इस तरह छीने जाएंगे, तो निष्पक्ष चुनाव की कल्पना भी संभव नहीं है।

कांग्रेस ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक का मताधिकार सर्वोपरि है और किसी भी राजनीतिक लाभ के लिए मतदाताओं को सूची से हटाना घोर अपराध की श्रेणी में आता है। पार्टी ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया की आड़ में की जा रही यह कार्रवाई सत्ता पक्ष की हताशा और डर को दर्शाती है।

**कांग्रेस की प्रमुख मांगें**

एसआईआर प्रक्रिया की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच कराई जाए, नियमों के उल्लंघन में नाम कटवाने वाले दोषी अधिकारियों और राजनीतिक व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई हो, मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ तत्काल रोकी जाए, पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सार्वजनिक निगरानी में संपन्न कराई जाए, बीएलओ के साथ राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के एलओ को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाए। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि इस गंभीर विषय पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष कुलदीप निगम, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीनिवास शर्मा, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, पूर्व पार्षद प्रभात पाण्डेय, जितेंद्र सिंह, सुफ्यान खान, सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतमदास सोनी, पार्षद पूर्णेन्द्र मिश्रा, हसन खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# सर्विस राइफल से आरक्षक ने खुद को मारी गोली

▶ मौके पर ही हुई मौत



**शहडोल।** पुलिस लाइन में ड्यूटी के दौरान कॉन्स्टेबल शिशिर सिंह राजपूत ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।घटना गुरुवार- शुक्रवार की आधी रात लगभग 1:25 बजे रक्षित केंद्र की है। मृतक आरक्षक ने सर्विस राइफल से गर्दन के पास फायर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कारित करने के ठीक पहले कॉन्स्टेबल अपने मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान उसने मोबाइल जमीन पर फेंक दिया और इसके बाद राइफल से खुद पर फायर कर लिया। मौके पर टूटा हुआ मोबाइल और सर्विस राइफल मिली है।

गोली चलने की आवाज सुनकर रात में ही आसपास सो रहे अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस और पुलिस लाइन के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। वहाँ से टूटा हुआ मोबाइल फोन जब्त किया।प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल घटना का वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**मोबाईल टूटा हुआ मिला**

पुलिस का कहना है कि कॉल डिटेल और अन्य तथ्यों की जांच की जा रही है। शिशिर सिंह मूल रूप से जबलपुर का निवासी था। उसे वर्ष 2013 में बाल आरक्षक के रूप में अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। वर्ष 2015 में 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद वह नियमित आरक्षक के पद पर नियुक्त हुआ। वर्तमान में वह शहडोल पुलिस लाइन में पदस्थ था। परिवार में उसकी मां और तीन बहनें हैं। कॉन्स्टेबल ने दो दिन पहले ही नया मोबाइल खरीदा था। वह उसी मोबाइल से कुर्सी पर अलाव तापते हुए किसी से बात कर रहा था। बात करते समय विवाद बढ़ा।

# ग्राम पंचायत पैलवाह में 'आनंद उत्सव' का आयोजन

▶ पारंपरिक खेलों में उमड़ा जनसैलाब



**गोहपारू।** ग्राम पंचायत पैलवाह में 'आनंद उत्सव' का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया गया। मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस उत्सव ने पूरे गांव को एक सूत्र में पिरो दिया, जहाँ छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के चेहरों पर मुस्कान बिखरी नजर आई।

**पुरानी यादें हुईं ताजा** -कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत के सरपंच एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आधुनिकता के दौर में हम अपने पारंपरिक खेलों को भूलते जा रहे हैं, आनंद उत्सव जैसे आयोजन हमें अपनी जड़ों से जोड़ने का काम करते हैं। पैलवाह के खेल मैदान में आयोजित प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों का जबरदस्त जोश देखने को मिला ।युवाओं की टोलियों के बीच हुई रस्साकशी आकर्षण का केंद्र रही। मिट्टी की खुशबू के बीच खिलाड़ियों ने कबड्डी में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। महिलाओं के लिए आयोजित कुर्सी दौड़ और खो खो दौड़ में ग्रामीण परिवेश की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांव के बुजुर्ग भी इस आनंद उत्सव में पीछे नहीं रहे बुजुर्गों ने भी खेल भावना का परिचय देते हुए युवाओं का मार्गदर्शन किया।

**विजेताओं का सम्मान**

प्रतियोगिताओं के समापन के पश्चात शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को पंचायत की ओर से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक जलपान का आयोजन भी किया गया, जिससे भाईचारे का संदेश मिला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पैलवाह के सचिव,पप्पू सिंह देवकली सिंह और पटोरी सचिव अंगद सिंह रोजगार सहायक आशीष उपाध्या समस्त पंचगण, रोजगार सहायक मोबिलइजर मधु सिंह और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने आनन्द उत्सव में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**शहडोल ।** नगर पालिका परिषद शहडोल के तत्वावधान में महात्मा गांधी स्टेडियम में दिव्यांग बच्चों के साथ आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।आनंद उत्सव के दौरान सुनने एवं बोलने में असमर्थ बच्चों ने कुर्सी दौड़, नींबू दौड़, जलेबी कूद एवं दौड़ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कुल 19 मूकबधिर बच्चों एवं 20 एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया ।इस अवसर पर शहरी आजीविका मिशन के सिटी मैनेजर सत्यकाम मिश्रा, प्रतीक्षा शुक्ला, राम कुशल बैगा, मूकबधिर बच्चों के प्रशिक्षक तथा नगर पालिका परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेताजी की जयंती के साथ मनाई बसंत पंचमी




**शहडोल।** शासकीय इंदिरा गांधी गृहविज्ञान कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शहडोल में महाविद्यालय प्राचार्य एवं पूर्व कुलपति डॉ. मुकेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में महाविद्यालयीन 'भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ' के तत्त्वावधान में 23 जनवरी को 'वसन्त पंचमी' एवं 'नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती' के अवसर पर त्रैमासिक कैलेंडर अनुसार, माह जनवरी 2026 हेतु निर्धारित कार्यक्रमानुसार गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रात: 11:00 बजे प्रकोष्ठ नोडल डॉ. विनोद कुमार सुनार द्वारा समस्त विद्वज्जनों और छात्राओं के साथ समवेत स्वर में वाग्देवी सरस्वती जी की वन्दना के गायन तथा सभी को प्रकृति में नवनवोन्मेष के पर्व वसन्त पञ्चमी की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। तत्पश्चात् सर्वप्रथम 'वसन्त पञ्चमी का महत्त्व' विषय पर केन्द्रित विशिष्ट व्याख्यान डॉ. सुनीता सिंह मरकाम, हिन्दी विभागाध्यक्ष के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद 'नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के क्रान्तिकारी विचार एवं राष्ट्र निर्माण के आदर्श' विषय पर परिचर्चा का आयोजन हुआ जिसमें वरिष्ठ समाजशास्त्री एवं प्राध्यापक डॉ. आर. के. सोनी ने नेताजी के सम्पूर्ण जीवन तथा भारतीय स्वतंत्रता की लड़ाई में प्रगतिवादी क्रांतिनायक के रूप में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान को रेखांकित किया। साथ ही आपने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के संबंध में छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया ।इसके पश्चात, महाविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष हीरालाल पटेल के मार्गदर्शन में महाविद्यालयीन छात्राओं मांडवी वर्मा, तेजस्विनी त्रिपाठी, मानसी कुशवाहा, निर्जला द्विवेदी, आयुषी एवं दिव्या महिला आदि ने समूह और एकल वासंती लोकगीतों की मधुर प्रस्तुतियाँ भी दीं। साथ ही, महाविद्यालयीन छात्राओं के दल ने आंचलिक लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के अंत में, कार्यक्रम संयोजक एवं संचालक डॉ. विनोद सुनार ने सभी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुनील सक्सेना, प्रकोष्ठ के सह-संयोजक डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. यमुना धुर्वे, डॉ. सुनीता सिंह मरकाम, डॉ. बी. के. सिंह, डॉ. लाल सिंह बंजारा, डॉ. आर. एस. पासी, डॉ. महजबीन अंसारी, डॉ. मोनिका मनहास, राजमणि नापित, स्मृति श्रीवास्तव आदि ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा में वृद्धि की।

# माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर सोहागपुर में कार्यशाला का आयोजन



**शहडोल ।** सोहागपुर स्थित माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत अनुभव साझा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के गवर्नमेंट पार्टनरशिप प्रोग्राम के तहत आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य जीवन कौशल आधारित शिक्षा के प्रभाव, अनुभवों एवं उसके व्यवहारिक क्रियान्वयन को साझा करना रहा।

कार्यशाला की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य पचगांव मनोज तिवारी ने की। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक संजय पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीवन कौशल शिक्षा वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता एवं नेतृत्व गुणों को सशक्त बनाती है। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बताया ।कार्यक्रम में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रशिक्षित शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यालयों में संचालित जीवन कौशल सत्रों एवं गतिविधियों के सफल क्रियान्वयन से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। शिक्षकों ने गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति को विद्यार्थियों के लिए प्रभावी, रोचक एवं सहभागिता बढ़ाने वाला बताया ।कार्यशाला के दौरान यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में संवाद कौशल, टीमवर्क, समस्या समाधान, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मअनुशासन जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशलों का निरंतर विकास हो रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास एवं सामाजिक व्यवहार सुदृढ़ हो रहा है ।कार्यक्रम में नीरज गुप्ता (माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, गोहपारू), नीरज तिवारी (सांदीपनि विद्यालय, जयसिंहनगर) एवं देवेंद्र श्रीवास्तव (माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, सोहागपुर) ने भी सहभागिता की तथा कार्यक्रम के सकारात्मक प्रभावों की सराहना की ।कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं गतिविधियों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करने हेतु शिक्षकों द्वारा 'मेरी सीख', 'मेरी सीख की दीवार', 'स्टडी कॉर्नर' एवं बीएमएस चार्ट' की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने जीवन कौशल कार्यक्रम के सकारात्मक प्रभाव को सजीव रूप में प्रस्तुत किया ।कार्यशाला का समापन सकारात्मक चर्चा, अनुभव साझा करने एवं भविष्य में कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी रूप से लागू करने के संकल्प के साथ किया गया।

# होम डिलीवरी के नाम उपभोक्ताओं से 20 से 100 रुपये तक की ठगी



**शहडोल।** बाणसागर देवलोंद, बकेली कॉलोनी, रामगढ़ गांव के ग्रामीणों ने सतपुड़ा इंडेन गैस एजेंसी बाणसागर पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के नाम पर 20 से 100 रुपये तक निर्धारित दर से अधिक लिया जा रहा है। ये वसूली गैस सिलेंडर टंकी की होम डिलीवरी के नाम पर सतपुड़ा इंडेन गैस एजेंसी में कार्यरत कर्मी खुलेआम कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शहरी क्षेत्र में 20 रूपये से लेकर 50 रूपये और ग्रामीण इलाकों में 50 रूपये से लेकर 100 रूपये तक वसूली किया जा रहा है।

**होटल और विवाह घरों में घरेलू सिलेंडर का उपयोग**-नगरीय क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रो मे जगह - जगह नियम क़ानून को ताक पर रख कर बड़े गैस सिलेंडरो से छोटे गैस सिलेंडरो मे गैस रिफ्लिंग का कार्य खुलेआम बे धड़क हो रहा है साथ ही होटल और विवाह घरो मे भी कामर्शियल की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग हो रहा है। इन कारोबारियों को अवैध रुप से रिफ्लिंग करने हेतु गैस सिलेंडर सतपुड़ा इण्डेन गैस एजेंसी बाणसागर ( देवलौंद ) द्वारा आसानी से सिलेंडर उपलब्ध कराये जाने की खबर है।

**गैस एजेंसी वाले कर रहे मनमानी**

कई बार अवैध रूप से बिक रहे सिलेंडर की शिकायत खाद्यय विभाग सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियो से किये जाने की बात भी लोगों द्वारा बतायी ज़ा रही है इसके बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी है। जानकारी के बाद भी कार्यवाही न हो पाने से लोगों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियो पर मिली भगत का आरोप लगाया जा रहा है जिससे उनकी छवि तो खराब हो ही रही है साथ मे विभाग के साख पर भी बट्टा लग रहा है। लोगों द्वारा अवैध रूप से गैस एजेंसी द्वारा बेंचे जा रहे सिलेंडर और होम डिलेवरी के नाम पर हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाये जाने की मांग की है।

**इनका कहना है**

अभी तक ऐसी कोई शिकायत हमारे पास नहीं आयी है, यदि कोई पैसा मांगता है तो हमसे वो शिकायत करे हम तुरंत उस पर कार्यवाही करेंगे।

वंदना मंडावी,
संचालक, सतपुड़ा इण्डेन गैस एजेंसी, बाणसागर

# नाबालिग चाचा ने रिश्तों को कर दिया तार-तार

▶ मासूम भतीजी से किया दुष्कर्म



**शहडोल।** जिला मुख्यालय में समाज को बेहद शर्मसार करने और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने इंसानियत और पारिवारिक रिश्तों दोनों को झकझोर कर रख दिया है। जिला मुख्यालय के कोतवाली थाना क्षेत्र में सगे चाचा ने अपनी ही 6 साल की मासूम भतीजी के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय में पेश किया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित मासूम कीमाँ, जो घरों में साफ-सफाई का काम करती है, रोज की तरह गुरूवार को भी अपने काम पर गई हुई थी। घर पर उसकी 6 वर्षीय मासूम बेटी अकेली थी। सूनेपन का फायदा उठाते हुए बच्ची के नाबालिग सगे चाचा की नीयत डोल गई, उसने रिश्तों की मर्यादा को ताक पर रखकर मासूम के साथ दरिंदगी की। जब पीड़िता की मां काम खत्म कर घर वापस लौटी तो अपनी बेटी की हालत देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। बच्ची की शारीरिक स्थिति और आपबीती सुनकर मां सन्न रह गई, उसने बिना देर किए साहस दिखाया और सीधे कोतवाली थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। आरोपी चाचा के खिलाफ संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी नाबालिग है, इसलिए पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक औपचारिकताओं के साथ किशोर न्यायालय में पेश किया है।

## माँ सरस्वती का पूजन कर मांगा बुद्धि विवेक का वर

**शहडोल।** विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ओपीएम अमलाई में सरस्वती शिक्षा परिषद मध्य प्रदेश महाकौशल प्रांत की योजना के आधार पर रीति नीति के अनुसार बसंत पंचमी के पावन पुनीत अवसर पर विद्यालय में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए ।सर्वप्रथम विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर विद्यारंभ संस्कार, पाटी पूजन संस्था के प्राचार्य मृगेंद्र कुमार श्रीवास्तव, कन्या भारती की अध्यक्ष खुशी सिंह,किशोर भारती के अध्यक्ष कृष्णा सिंह के द्वारा किया व कराया गया । पूजन,अर्चन, हवन,आरती का कार्य संस्था के वरिष्ठ आचार्य राम नारायण तिवारी द्वारा वेद मंत्रों के द्वारा विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया गया । 60 भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार,पाटी पूजन का कार्यक्रम 11 वेदियों के माध्यम से विधिवत पूजन अर्चन करते हुए भैया बहनों की जीभ में अनार के डंठल द्वारा शहद से ओम लिखकर तथा स्लेट बत्ती में ओम व श्री गणेशाय नम: लिखकर संस्कार प्रदान किया गया ।

# गोहपारू क्षेत्र में दूरसंचार विभाग ने पेयजल पाइप लाइन को किया क्षतिग्रस्त

▶ हजारों लीटर पानी हो गया बर्बाद, लागों को नही मिल रहा पेयजल



**शहडोल ।** मध्यप्रदेश सरकार की 'नल-जल योजना' के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन को बीएसएनल दूरसंचार विभाग के द्वारा क्षतिग्रस्त करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना गोहपारू जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम देवरी, पैलवाह, करूआ व अन्य ग्राम पंचायत में है, जहाँ बीएसएनल दूरसंचार विभाग ने पाइपलाइन को नुकसान पहुँचाया, जिससे हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रही है।

**जनता को परेशानी**

पाइपलाइन टूटने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों घरों में पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। स्थानीय निवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि एक तरफभीषण गर्मी/जरूरत के समय पानी की किल्लत है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की हरकत से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संबंधित विभाग मध्य प्रदेश जल निगम मर्यादित के अधिकारियों को मामले की सूचना दे दी गई है। जल्द सुधरवाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन बीएसएनल दूरसंचार विभाग के ऊपर कब करवाई होगी बीएसएनल दूरसंचार विभाग जनता का मुसीबत तैयार कर दिया है गर्मी का सीजन आने वाला है और ग्रामीण एरिया में पानी की भारी किल्लत होगी जिसे सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रुपए खर्च करके पाइप लाइन का कार्य कराया गया था उस पाइपलाइन को बीएसएनल दूरसंचार विभाग के द्वारा नष्ट कर दिया गया अब यह देखना होगा कर खबर प्रकाशित होने के बाद क्या कार्यवाहियां होती हैं।

**इनका कहना है**

हमारे द्वारा बीएसएनल दूरसंचार के अधिकारियों से बात की गई है अब देखते हैं ठीक करवाते हैं कि नहीं करवाते हैं और पूरे पाइपलाइन तोड़ दिये हैं।

# आरआई सीमांकन के लिए मांग रहा रिश्वत

**शहडोल ।** जिले की गोहपारू तहसील अंतर्गत राजस्व अधिकारी बेलगाम हो गए हैं, क्षेत्र में हर जगह भू माफिया सक्रिय हैं, शासकीय भूमि से लेकर निजी भूमि तक सुरक्षित नहीं है।भू-माफिया किसी भी भूमि पर कब्जा कर लेते हैं और राजस्व के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ मूक दर्शक बने देख रहे हैं, कार्यालय में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ रहा है कि जमीन की नाप-जोख के लिए 50 हजार तक की डिमांड की जाती है ।ऐसी एक शिकायत कलेक्टर ओर कमिश्नर को हुई है बुढ़नवाह ग्राम की एक भूमि का है जिसके विवाद निपटारा के लिए तेज तर्रार तहसीलदार दिव्य सिंह ने एक दल का गठन किया जिस दल को सीमांकन करना था, जिससे विवाद समाप्त हो लेकिन सीमांकन दल के मुखिया ही विवाद में फँसते नजर आ रहे हैं।दल मुखिया आर .आई. वीरेंद्र पर 50 हजार मांगने का आरोप सरपंच पति ने लगाया है जिसकी एक शिकायत कलेक्टर सहित कमिश्नर को दी गई है।ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि आर .आई. ने तीन बार अलग अलग तारीख निर्धारित किया था लेकिन सीमांकन नहीं किया ।20 जनवरी को जब मौके पर पहुंचे तो एक लेटर पर ग्रामीणों के दस्तखत तो करवाया गया लेकिन सीमांकन नहीं किया गया । साथ ही यह भी आरोप लगाए गए कि शासन की सी.एम. हेल्पलाइन को भी आड़े हाथ लिया गया आरोप है कि आर .आई ने पैसा नहीं मिलने पर यह भी कहा कि जाओ हेल्पलाइन में शिकायत कर दो पूरे मामले को सरपंच पति ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ पहुंचकर तहसीलदार को अवगत कराया लेकिन फ़िर भी सीमांकन नहीं हुआ । इस मामले में सरपंच पति राधे लाल पनिका ने हमारी टीम से बात करते हुए यह चिंता व्यक्त किया है कि जब शासकीय काम के लिए इतने रूपये की मांग की जाती हो तो एक सामान्य किसान से किस प्रकार घूसखोरी होती होगी ।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस MP18 20070106242 में मेरा नाम **मोइनुद्दीन अंसारी** एवं पिता का नाम **आर. एम. अंसारी** दर्ज है जो कि शार्ट नाम है। आधार कार्ड के अनुसार मैं अपने लाइसेंस में अपना पूरा नाम **मो. मोइनुद्दीन अंसारी** एवं पिता का नाम **राज मोहम्मद अंसारी** दर्ज कराना चाहता हूं। अत: सुधार की प्रक्रिया हेतु उचित कार्यवाही की जावे ।

आवेदक
**मो. मोइनुद्दीन अंसारी**
वार्ड नंबर 2 गोरतरा, शहडोल
मो.नंबर 9425836987